कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2018/1040 लखनऊःदिनांक 09 मई, 2018

नीट यू0पी0 पी0जी0 2018 की राजकीय एवं निजी क्षेत्र की एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों हेतु मॉप–अप राउण्ड के सम्बन्ध में समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश

रिट याचिका संख्या–357(सिविल)/2018 रचित सिन्हा व अन्य बनाम भारत संघ व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 03.05.2018 में मॉपअप राउण्ड दिनांक 15.05.2018 तक पूर्ण किये जाने के आदेश पारित किये गये है। मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मॉप–अप राउण्ड की समय–सारिणी निम्नवत है:–

मॉपअप राउण्ड हेतु ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)	दिनांक 10 मई, 2018 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 12 मई, 2018 को पूर्वान्ह 10.00 बजे तक
ऑन लाईन सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 10 मई, 2018 से दिनांक 12 मई, 2018 तक
मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की तिथि	दिनांक 13 मई, 2018
राजकीय मेडिकल सीटों के आवंटन की तिथि	14 मई, 2018, प्रातः 09.00 बजे से
निजी क्षेत्र की मेडिकल सीटों के आवंटन की तिथि	15 मई, 2018, प्रातः 09.00 बजे से
प्रवेश लेने की अंतिम तिथि	दिनांक 14 व 15 मई, 2018 (On Spot Admission)

- माप–अप राउण्ड में प्रतिभाग करने हेतु नीट पी0जी0–2018 के अर्ह अभ्यर्थियों को रू0 1000/– पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन प्रकिया से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पूर्व से पंजीकृत ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सिक्योरिटी धनराशि जमा है तथा उन्हे कोई आंवटन प्राप्त नही हुआ है, को पुनः पंजीकरण शुल्क जमा करते हुए पंजीकरण कराना अनिवार्य है परन्तु उन्हे सिक्योरिटी धनराशि जमा नही करनी होगी।
- माप–अप राउण्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिन्हें नीट यू0पी0 पी0जी0 2018 की प्रथम एवं द्वितीय काउंसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- **नीट यू0पी0 पी0जी0 2018 की प्रथम या द्वितीय काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी माप–अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होंगे।**
- आवंटन के पश्चात प्रवेश प्रकिया On Spot पूर्ण की जायेगी।
- मॉप–अप राउण्ड के आयोजन स्थल के नाम की सूचना ***https://upneet.gov.in & www.updgme.in*** पर पृथक से प्रदर्शित की जायेगी।
- मॉप–अप राउण्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में कोई भी विचार नही किया जायेगा।
- राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/– तथा निजी क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 2,00,000/– की सिक्योरिटी धनराशि ऑन लाईन/बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training, U.P.) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नकद (Cash) नही जमा की जायेगी।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय में आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय ही सम्बन्धित कालेज हेतु शासन द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट अथवा क्लीनिकल सीट हेतु रू0 16 लाख का बैंक ड्राफ्ट तथा नॉन क्लीनिकल सीट हेतु रू0 09 लाख का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training, U.P.) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो जमा करना अनिवार्य होगा।
- यदि मॉप–अप राउण्ड के सम्पन्न होने के पश्चात निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय की सीटे रिक्त रह जाती है तो ऐसी सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से पंजीकरण के समय ही विकल्प प्राप्त किया जायेगा और उक्त की सूची सम्बन्धित निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय को दिनांक 16.05.2018 को उपलब्ध करायी जायेगी।
- विस्तृत विवरण हेतु यू0पी0 नीट पी0जी0 2018 के ब्रोशर का अवलोकन करे।

महानिदेशक